तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, रविवार, 6 अक्टूबर 2024

12 बालक छात्रावास कोटतरा में पालक...



12 सांप घर में घुसा, अंडे खाए व मुर्गी को बनाया शिकार





# ग्राम बनसागर में दस्त से दो की मौत, मचा हड़कंप, कैंप में उपचार जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विकासखण्ड नरहरपुर अंतर्गत ग्राम बनसागर में दस्त होने से दो लोगो की मौत होने से गांव में हड़कंप मचा गया। ग्रामीणों में दहशत का माहोल था। ग्रामीण की मांग पर गांव में कैंप लगाकर उपचार किया गया रहा था। दहशत में आए ग्रामीण कैंप द्वारा किए जा रहें उपचार से संतुष्ट नही थे। दस्त से एक महिला की मौत होने के बाद गांव में कैंप लग जाने से ग्रामीणो को लगा कि बेहतर ईलाज मिलेगा, लेकिन कैंप लगने के बाद भी दुसरी मौत ने व्यवस्था का पोल खोल दिया।

खबर का असर

## विभाग की नींद खुली, स्वास्थ्य अमला घर-घर जाकर सर्वे में जुटा



### हड़कंप के बाद सर्वे

दस्त बीमारी से ग्रसित दो ग्रामीणो की खबर मिलते ही विभाग में हड़कंप मचा हुआ था। रंगमंच में कैंप लगाकर मरीजो का ईलाज किया जा रहा था, लेकिन बीमारी पर रोकथाम नही हो पाया। मरीजो से संख्या को बढ़ता देख विभाग द्वारा टीम बनकार बनसागर में घर घर जाकर सर्वे कराया जा रहा है और मरीज मिलने पर उन्हे दवाईयां दी जा रही है। इससे काफी हद तक समस्या से निजाद मिल सकता है। पहल को देख ग्रामीण ने राहत की सांस ली है।

बनसागर में दस्त की समस्या से एक सप्ताह के अंदर दो लोगो की मौत होने से स्थानीय स्वास्थ्य विभाग का पोल खुल गया। पहली मौत होने के बाद ही ग्रामीणो ने कैंप लगाकर बेहतर ईलाज की मांग किया। कैंप लगाने की मांग को लेकर हरिभूमि ने समाचार प्रकाशिक किया। ग्रामीणो की मांग को देखते हुए स्थानीय विभाग ने कैंप गांव के रंगमंच में कैंप लगाकर मरीजो का ईलाज शुरू किया, जिसके बाद भी दस्त की समस्या से ग्रसित दूसरे व्यक्ति की भी मौत हो गई। ग्रामीणो ने मौत को लेकर कहा कि यह स्थानीय स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही है। मुख्यालय अमोड़ा अस्पताल में बीएमओ अधिक्तर गायब रहते है। मुख्यालय होने के बाद भी बाहर रहते है। दूसरी मौत होने की खबर मिलते ही हरिभूमि ने प्रमुखता से सामाचार का प्रकाशित किया, जिसके बाद विभाग सकते में आई और घर घर जाकर सर्वे कर लोगो को दवाई पहुंचा रही है। जो गंभीर रूप से दस्त व उल्टी की बीमारी से ग्रसित है उन्हे जिला अस्पताल में भर्ती करने की सलाह दी जा रही है। अगर यही पहल पहले से किया जाता तो शायद व्यक्ति की मोत होने से बचाया जा सकता था।

## नवरात्रि विशेष



### चतुर्थ : कूष्माण्डा

मां दुर्गा अपने चतुर्थ स्वरूप में कूष्माण्डा के नाम से जानी जाती हैं। नवरात्र के चौथे दिन आयु, यश, बल व ऐश्वर्य को प्रदान करने वाली भगवती कूष्माण्डा की उपासना-आराधना का विधान है। अपनी मंद हंसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार परिव्याप्त था तब इन्हीं देवी ने अपने ईषत हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। अतः यही सृष्टि की आदि स्वरूपा आदि शक्ति मानी जाती हैं. इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं. इनकी आठ भुजाएं हैं. अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष बाण, कमल, पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं. आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है. इनका वाहन सिंह है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के रूप में पूजा जाता है. संस्कृत भाषा में कूष्माण्डा को कुम्हड़ कहते हैं. बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है. इस कारण से भी मां कूष्माण्डा कहलाती हैं. सर्वप्रथम मां कूष्मांडा की मूर्ति अथवा तस्वीर को चौकी पर दुर्गा यंत्र के साथ स्थापित करें इस यंत्र के नीचे चौकी पर पीला वस्त्र बिछाएं. अपने मनोरथ के लिए मनोकामना गुटिका यंत्र के साथ रखें. दीप प्रज्ज्वलित करें तथा हाथ में पीले पुष्प लेकर मां कूष्मांडा का ध्यान करें.

वन्दे वांछित कामर्थे चन्द्रार्घकृत शेखराम।
सिंहरूढा अष्टभुजा कुष्माण्डा यशस्वनीम।।

## सवाल : नक्सली पर्चा लगाने के बाद फिर उसी स्थल पर शुरू हो गया मुर्गा बाजार

# मुर्गा बाजार में नक्सली पर्चा मामले में पुलिस फेल, सालभर में भी सुराग नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- दोनों गाँव के सरपंचों ने कहा- पर्चा लगने के कुछ दिन बाद शुरू हो गया था मुर्गा बाजार

एक साल पहले इसी माह के पहले सप्ताह में मुर्गा बाजार स्थल पर नक्सलियों के द्वारा लगाए गए पर्चा के सोशल मीडिया में वायरल होने के उपरांत दहशत का माहौल निर्मित हुआ था। पुलिस ने मामले को संदिग्ध बताया था। इस मामले को हुए एक साल हो गए, पुलिस खुलासा नहीं कर पाई कि लगाए गए बैनर किसने लगाएं, वहीं नक्सलियों ने भी इस मामले में आज तक कोई बयान जारी नहीं किया कि मुर्गा बाजार में लगाए गए पर्चा उन्होनें लगाया या किसी ने उत्पात मचाने लगा दिया था। जानकारी के अनुसार नवागांव भावगीर के लोग ईच्छापुर व नवागांव भावगीर की सीमा में रविवार को मुर्गा बाजार लगता है। बाजार जहाँ लगता है, वह जमीन नवागांव भावगीर पंचायत सीमा में है। यह स्थल जिला मुख्यालय कांकेर से लगभग 5 किमी. की दूरी पर है। इस बाजार में एक अक्टूबर 2023 को मुर्गा बाजार सजा हुआ था, मुर्गा के पैर में चाकू बांधने वाले कतियार और मुर्गा मालिक के मध्य विवाद और जमकर बहस हो गया था। दोनो गाँव के ग्रामीणों ने बताया कि दूसरे दिन यानी 2 अक्टूबर 2023 को मुर्गा बाजार के घेरा के चारो ओर नक्सली पर्चा तार पर टंगा हुआ व आसपास फेंकाया हुआ था, जिसे देखकर गाँव में दहशत का माहौल बन गया और लगातार 2 अक्टूबर से गाँव में इसी विषय पर चर्चा करते रहे। सात अक्टूबर को सफेद कागज में कंप्यूटर से लिखा गया पर्चा जो मुर्गा बाजार में लगा था, वो सोशल मीडिया में वायरल हुआ और वायरल होने के बाद शहर में भी हडकंप मच गया। ग्रामीणों ने दबी जबान में उस समय बताया था कि मुर्गा बाजार खिलाने वाले पूरे पोस्टर उठाकर ले गए। पुलिस अधिकारियों ने उस दौान पुष्टि किया था कि र्चा लगाने की जानकारी मिली है और उसकी जाँच किया जा रहा है। पर्चा जिस ढंग से लिखा है, वो संदिग्ध भी लग रहा है। मुर्गा बाजार चलाने वाले और कतियार बांधने वालों से भी पूछताछ की जा रही है और अभी तक कुछ स्पष्ट जानकारी नहीं मिली है। एक साल बाद भी पुलिस ने इस मामले में कोई भी आरोपी का पता नहीं लगा पाई और पर्चा लगाने वालों का खुलासा नहीं कर पाई।



मुर्गा बाजार बंद करो नहीं तो मारे जाओगे, नक्सलियों की धमकी से गांवों में दहशत

नक्सलियों ने मुर्गा बाजार पर लगाया प्रतिबंध, टांगे पर्चे

एक साल पहले हरिभूमि में प्रकाशित समाचार



एक साल पहले मुर्गा बाजार स्थल में लगे पर्चे की फोटो

### पर्चे में बाजार बंद करने की चेतावनी दी थी

मुर्गा बाजार के घेराबंदी वाले तार में लगे पर्चे में लिखा था कि ईच्छापुर नवागांव मुर्गा बाजार बंद करो बंद करो, यहां कोई भी आदमी मुर्गा मत लड़ाओ। कोई भी कतियार न आएं, मुर्गा बाजार बंद करो नही तो मारे जाओगे। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) पूर्व बस्तर डिविजन कमेटी एरिया (काकेर) लिखा हुआ था।

### मुर्गा बाजार फिर से सजने लगा

दोनो गाँव के सरपंच ने पुष्टि करते हुए बताया कि विवाद हुए स्थल पर मुर्गा बाजार फिर से सजने लगा था, कुछ दिन ही बजार प्रभावित हुआ था, उसके बाद जस का तस लगने लगा था। इससे यही साबित होता है कि नक्सलियों के द्वारा लगाए गए बैनर का प्रभाव नहीं दिखा, वहीं पुलिस ने इस पर जाँच गंभीरता से नहीं किया, जिसके चलते एक साल पहले लगाए गए नक्सली पर्चे का खेल का खुलासा नहीं हो पाया। पुलिस सही ढंग से जाँच करती तो इस तरह की हरकत करने वालों के चेहरे उजागर हो सकते थे, परंतु जिम्मेदारों ने जिला मुख्यालय के पास घटी घटना को एक साल में गंभीरता से नहीं लिया।

## सायबर जन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बढ़ते सायबर अपराधो की रोकथाम के लिए पुलिस विभाग द्वारा सायबर जन जागरूकता पखवाड़ा अभियान का शुरूआत किया गया। यह अभियान दो सप्ताह तक चलेगा, जिसमें लोगो को सायबर ठगी, धोखाधड़ी, अनजान व्हॉटसप कॉल से ठगी, अनजान लिंक से ठगी, एटीएम फ्राड क्लोन, अनजान मोबाइल नंबर से फोन आने पर अपनी बैंक खाता एवं व्यक्तिगत जानकारी साझा करने पर ठगी, फेसबुक, इंस्टाग्राम में अनजान लोगों से मित्रता बनाकर ठगी करने जैसे अपराध कि जानकारी दिया जा रहा। सायबर जन जागरूकता रथ को हरि झण्डी दिखाकर पुलिस कार्यालय कांकेर से रवाना किया गया। पुलिस मुख्यालय रायपुर के दिशा निर्देशानुसार एसपी आईके एलेसेला एवं एएसपी मनीषा ठाकुर रावटे द्वारा कांकेर जिला के समस्त पुलिस अनुविभागीय अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में सायबर अपराध के रोकथाम के लिए 5 से 19 अक्टूबर सुरक्षा पखवाड़ा अभियान शुरू कर लोगों को सायबर अपराध से रोकथाम के लिए विशेष प्रशिक्षण देते हुए जन जागरूकता अभियान शुरू करने निर्देशित किया गया। अभियान के तहत अपने-अपने थाना क्षेत्र में सायबर वालेंटियर की नियुक्ति कर पुलिस के माध्यम से लोगों को अधिक से अधिक सायबर ठगी, धोखाधड़ी, अनजान व्हॉटसप कॉल से ठगी, अनजान लिंक से ठगी, एटीएम फ्राड क्लोन, अनजान मोबाइल नंबर से फोन आने पर अपनी बैंक खाता एवं व्यक्तिगत जानकारी साझा करने पर ठगी, फेसबुक, इंस्टाग्राम में अनजान लोगों से मित्रता बनाकर ठगी करने जैसे अपराध से संबंधित विषयों पर प्रचार-प्रसार कर लोगों में जागरूकता स्थापित करने के लिए निर्देशित किया गया। सायबर ठगी होने पर सायबर हेल्प लाईन नंबर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराने लोगों ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप



### विद्यार्थियों के लिए कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम हुआ

**दुर्गुकोंदल।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमाकड़ा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों के लिए साथ ही विद्यालय के अन्य छात्रों के लिए कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मार्गदर्शक के रूप में रितेश नाग सहायक प्राध्यापक, चेतन कुमार श्रीवास क्रीड़ा अधिकारी शासकीय महर्षि वाल्मीकि महाविद्यालय भानुप्रतापपुर एवं गोविंद मंडावी सहायक प्राध्यापक हिंदी शासकीय कंगलू कुम्हार महाविद्यालय दुर्गुकोंदल के गरिमामई उपस्तिथि एवं मार्गदर्शन में हुआ। उक्त कार्यक्रम का आयोजन डीएल पटेल समन्वयक शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय जगदलपुर बस्तर जिला समन्वयक भागीरथी नायक के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार रावटे के नेतृत्व में सुरेश कुमार ठाकुर क्रीड़ा अधिकारी के संचालन में सफलतापूर्व आयोजन किया गया।

## सड़क हादसे में युवक गंभीर इलाज के बाद की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



कांकेर थानांतर्गत ऊपर नीचे रोड के पास सड़क दुर्घटना में एक युवक को गंभीर चोट आया, जिससे युवक बेहोश हो गया। घायल युवक के साथी ने ईलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से घायल को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रिफर किया गया।

थाना में शिकायत करने पहुंचे गोविंदपुर निवासी 27 वर्षीय अविनाश ठाकुर पिता स्व. इंन्द्र कुमार ठाकुर ने पुलिस को बताया कि 1 अक्टूबर को अपने मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएस 9038 में अपने दोस्त लेखान्श पटेल के साथ निजी काम से कांकेर की ओर आ रहा था। मोटर सायकल को स्वयं चला रहा था। रात करीबन साढ़े 9 बजे ऊपर नीचे रोड के पास पहुंचा था उसी समय सामने की ओर से आ रही आरोपी मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएस 9946 का चालक अपने वाहन को तेज एंव लापरवाही पूर्वक चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया, जिससे मेरे सिर, बांए पैर, बांए हाथ और जबड़ा में गंभीर चोट आया। दुर्घटना में गंभीर चोट आने की वजह से वही पर बेहोश हो गया था। मेरा दोस्त लेखान्श पटेल के द्वारा मुझे जिला अस्पताल कांकेर में ले जाकर भर्ती किया। अधिक चोट होने की वजह से बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रिफर किया गया। रायपुर के अस्पताल में ईलाज कराने के बाद थाना में शिकायत दर्ज कराने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## सूने घर से बर्तन की चोरी पुलिस चोर की तालाश में




**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत शहर के जनकपुर वार्ड में घर को सुना देख अज्ञात चोर ने घर में रखे बर्तन की चोरी कर फरार हो गया। घर के सदस्य अपने-अपने काम पर सुबह से निकल गए थे। काम करने के बाद शाम को घर वापस पहुंचे तब समान को अस्त व्यस्त देख चोरी की घटना की जानकारी हुई। थाना में शिकायत करने पहुंचे टिकरापरा जनकपुर वार्ड कांकेर निवासी 55 वर्षीय मोहन यादव पिता स्व. सुखराम यादव ने पुलिस को बताया कि स्वंय का आटो चलाता हूं। मेरी बहन आंगनबाडी कार्यकर्ता सुमित्रा यादव के साथ रहता हूं। रोज की तरह 4 अक्टूबर को सुबह करीबन 11 बजे अपनी आटो लेकर कांकेर शहर की ओर गया था। मेरी बहन आंगनबाडी चली गई, घर पर कोई नही था। शाम करीबन 4 बजे मेरी बहन सुमित्रा घर आई तो देखी घर का सामान अस्त व्यस्त पड़ा था। घर में रखा पुरानी इस्तेमाली एक नग पीतल का गुंडी, दो नग कांस का थाली, एक नग कांस का लोटा नही था, कोई अज्ञात व्यक्ति हमारी अनुपस्थिति में घर के अंदर घुसकर उक्त सामान को चोरी कर ले गया था। चोरी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 303 (2), 329 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## स्वच्छता पखवाड़ा सरकार का ढोंग उल्टी-दस्त से हो रही मौत : कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



- कांग्रेस कमेटी के सचिव राजेश तिवारी ने सरकार की निंदा की

दस्त व उल्टी का प्रकोप नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम बनसागर में बना हुआ है। प्रकोप से दो लोगो की मौत भी हो चुकी है। भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव ने बयान जारी कर कहा है कि देश व प्रदेश की सरकार स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन कर मात्र प्रचार तक सीमित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय झाड़ पकड़कर फोटो खिंचा कर मात्र खानापूर्ति करने में लगे है। जिले के नरहरपुर ब्लाक के ग्राम बनसागर में उल्टी दस्त के प्रकोप के कारण स्व. मानो सलाम एवं स्व. रामकरण निषाद की मौत हो गई है। साथ ही ग्राम के 10 लोग पीड़ित होकर अपना ईलाज अमोड़ा के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में करा रहे है। एक पीड़ित व्यक्ति ग्राम चनार का भी है जोकि अस्पताल में भर्ती है। भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव राजेश तिवारी ने कहा कि 30 सितंबर को बनसागर निवासी महिला की मौत होने व कई लोग उल्टी दस्त से पीड़ित होकर अस्पताल में भर्ती होने के बाद भी सरकार के द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। कुछ दिन बाद गांव के एक व्यक्ति की और मौत हो गई। दो लोगों की प्राथमिक चिकित्सालय में भर्ती होने के बाद मृत्यु हुई है, लेकिन हालात बिगड़ने के बाद भी जिला अस्पताल में भर्ती नही कराया गया। जिला अस्पताल में भर्ती करने से शायद बेहतर ▶▶| शेष पेज 10 पर

## विमुक्तिकरण एवं कृषक संगोष्ठी का सीधा प्रसारण किया गया

# पीएम किसान सम्मान निधि का 18वां किस्त 20 हजार करोड़ किसानों के खाते में पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर





कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर प्रधानमंत्री कृषक सम्मान निधि के 18 वें किस्त का विमुक्तिकरण का सीधा प्रसारण व कृषक संगोष्ठी का आयोजन सांसद लोकसभा क्षेत्र कांकेर के मुख्य आतिथ्य में किया गया। पीएम ने 9 करोड़ 40 लाख कृषकों के खाते में लगभग 20 हजार करोड़ रूपए से अधिक की राशि सीधा खाता में विमुक्त किया।

कृषि विज्ञान केंद्र में 5 अक्टूबर को पीएम किसान सम्मान निधि का 18 किस्त का सीधा प्रसाण हुआ। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि सांसद भोजराज नाग ने कहा कि भारत न केवल कृषि प्रधान देश है अपितु ऋषि प्रधान देश भी है। हमें प्राकृतिक खेती को अपनाकर अपने स्वास्थ्य तथा भूमि के स्वास्थ्य दोनो की रक्षा करनी चाहिए। सामूहिक खेती, घर के बाड़ी में फलदार पौधे, साग-सब्जी लगाने तथा गौ आधारित खेती करनी चाहिए। विधायक कांकेर आशाराम नेताम ने भारत सरकार द्वारा जारी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि को किसानों के लिए उपयोगी बताया तथा कृषकों को समन्वित खेती अपनाने की बात कही। अध्यक्ष जनपद पंचायत रामचरण कोर्राम ने कहा कि सरकार की विभिन्न योजना किसान सम्मान निधि, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना से देश के किसान समृद्ध हो रहे हैं। कृषि सभापति जनपद पंचायत ईश्वर सिंह कावड़े ने कहा कि भारत सरकार द्वारा लगातार 18 वीं किस्त जारी की गई है जो कि किसानों के लिए बहुत उपयोगी है। सीधा प्रसारण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 करोड़ 40 लाख कृषकों के खाते में लगभग 20 हजार करोड़ रूपए से अधिक की राशि सीधा खाता में विमुक्त किया।

प्रांतीय संगठन मंत्री भारतीय किसान संघ तुलाराम ने धरती माता, गौमाता एवं गंगा माता के बचाव के लिए प्राकृतिक खेती को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान उप संचालक कृषि जितेन्द्र कोमरा, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डॉ. एनके रस्तोगी, डॉ बीरबल साहू वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर, डॉ. सुमीत दास, पूर्व उप संचालक कृषि नरेन्द्र नागेश, राजीव लोचन सिंह, दिनेश सिन्हा व जिले के लगभग 156 कृषकगण उपस्थित रहें।

### डीआरजी बल को 40 नग बाइक दी गई



**कांकेर।** नक्सलियों के विरूद्ध चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान में गति कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर, एसपी आईके एलिसेला के द्वारा डीआरजी बलो को 40 नग मोटर सायकल वितरण किया गया। डीआरजी बलों को मोटर सायकल प्राप्त होने से नक्सल अभियानों के दौरान आसूचनाओं पर त्वरित कार्यवाही में जवानों को सुविधा के साथ उनका उत्साह में बढ़ेगा। मोटर सायकल वितरण के दौरा एएसपी मनीषा ठाकुर रावटे, उप पुलिस अधीक्षक गिरिजा शंकर साव तथा पुलिस अधीक्षक कार्यालय कांकेर के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहें।





पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप



### उन्नत तकनीक व योजनाओं की किसानों को दी जानकारी

**कांकेर।** भारत सरकार के दलहन ग्राम विकास योजना अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर के द्वारा लगाए गए उड़द फसल के अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन का अवलोकन कृषि तकनीकी अनुप्रयोग एवं अनुसंधान संस्थान जबलपुर एवं इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के संयुक्त वैज्ञानिक दल के द्वारा किया गया। भ्रमण के दौरान ग्राम देवरी बालाजी में कृषक संगोष्ठी का आयोजन 102 कृषकों की उपस्थिति में किया गया, जिसमें वैज्ञानिकों द्वारा उन्नत तकनीकी एवं योजनाओं की जानकारी कृषकों को दिया गया। नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम भैंसमुण्डी, देवरी बालाजी, करप, चोरिया व चारामा विकासखण्ड के पलेवा, बाड़ाटोला, शाहवाड़ा में आयोजित उड़द फसल के उन्नत तकनीकी प्रदर्शन जिसमें उन्नत किस्म, खरपतवार नियंत्रण तथा पौध संरक्षण तकनीकियों का अवलोकन संयुक्त भ्रमण दल द्वारा किया गया, जिसमें कृषि महाविद्यालय कांकेर के अधिष्ठाता डॉ. एनके रस्तोगी, सह प्राध्यापक डॉ. जीवन लाल सलाम, वैज्ञानिक डॉ. डीपी पटेल, वैज्ञानिक डॉ. विनोद नायक एवं कृषि तकनीकी अनुप्रयोग एवं अनुसंधान संस्थान जबलपुर से आए वैज्ञानिक डॉ. रंजीत सिंह एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकगण सम्मिलित रहें।

### इलाज के दौरान युवक की मौत

**कांकेर।** बड़गांव थानांतर्गत चिखली निवाी 40 वर्षीय सनीराम गावड़े का पखांजुर के सिविल अस्पताल में ईलाज के दौरान 27 सितंबर को मौत हो गया। पखांजुर थाना में शून्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी बड़गांव थाना में पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### सांस लेने हो रही थी तकलीफ, हुई मौत

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत ग्राम खमडोड़गी निवाी 33 वर्षीय लवली बाई का ईलाज के दौरान 28 अगस्त को रायपुर के जिला अस्पताल में मौत हो गया। अस्पताल द्वारा अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतिका को सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### डाक्टर्स, स्टूडेंट्स व अस्पताल के स्टाफ ने किया रक्तदान

**जगदलपुर।** राष्ट्रीय रक्तदान दिवस पर मेडिकल कॉलेज डिमरापाल के डॉक्टर व स्टूडेंट्स के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन मेकॉज के ब्लड बैंक में किया गया। जिसमें स्टूडेंट्स, डाक्टर्स व ब्लड बैंक स्टॉफ ने 84 यूनिट रक्तदान किये। लोगों से रक्तदान महादान करने अपील की गई।

## निधन

### देवकरण पम्मार



**सरोना।** विकासखंड नरहरपुर के अंतर्गत शाला प्रबंध समिति जामगांव के अध्यक्ष देवकरण पम्मार का निधन 2 अक्टूबर को हो गया। देवकरण पम्मार केवल प्रबंध समिति के अध्यक्ष नहीं, बल्कि भारतीय जनता पार्टी के एक वरिष्ठ कार्यकर्ता भी थे। समुदाय के लोगों ने उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका निधन एक अपूरणीय क्षति है। देवकरण पम्मार का समर्पण और उनके विचार हमेशा जीवित रहेंगे।

कार्यक्रम

**छात्रावास में उत्तम और शैक्षणिक माहौल बनाएं**

# बालक छात्रावास कोटतरा में पालक सम्मेलन दुलार कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा



प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास कोटतरा में पालक सम्मेलन दुलार मुख्य आतिथि विधायक सावित्री मण्डावी, कार्यक्रम की अध्यक्षता ललिता सेवता, सरपंच कोटतरा द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा में माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना कर किया गया। छात्र सुमित मण्डावी एवं गुपेश्वर नेताम द्वारा तिलक लगाकर और पुष्प गुच्छ भेंट करके मुख्य अतिथि का स्वागत अभिनंदन किया गया। ग्रामिण परमेश पयाग द्वारा शॉल श्रीफल प्रदान करके विधायक का छात्रावास की ओर से सम्मान किया गया।

पालक सम्मेलन दुलार में छात्रावास अधीक्षक कपिल भट्ट द्वारा मुख्य अतिथि को स्व. मनोज मण्डावी के साथ उनकी एक युगल छायाचित्र सप्रेम भेंट किया गया। इसी क्रम में छात्रावास के अन्य छात्रों द्वारा भी मंचासीन अतिथियों एवं कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ अतिथियों का तिलक और पुष्पगुच्छ देकर छात्रावास के छात्रों द्वारा स्वागत किया गया। विधायक के द्वारा छात्रों को महात्मा गांधी के सत्य अहिंसा के बताए मार्ग पर चलते हुए अनुशासित जीवन जीने, एक निर्धारित लक्ष्य लेकर मन लगाकर पढ़ाई करते हुए, समाज के एक जिम्मेदार नागरिक बनने की बात कही। छात्रावास के सुविधाओं का लाभ उठाने, अपने बुजुर्गो का संम्मान करने, उनके बताया सही रास्ते पर चलते हुए अच्छी शिक्षा ग्रहण करने की बात कही। छात्रावास अधीक्षक द्वारा पालक सम्मेलन-दुलार के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि जिस तरह माता पिता बड़े दुलार अपने बच्चों का भविष्य गढ़ते हैं। उसी तरह इस छात्रावास में छात्रावास के सभी कर्मचारी भी अपने निःस्वार्थ सेवा से शासन की महत्वाकांक्षी छात्रावास-आश्रम योजना का लाभ दूरस्थ वनांचलों से आए इन बच्चों को दे रहे है। नरेंद्र यादव द्वारा महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेते हुए सादा जीवन उच्च विचार के राह पर चलने और राष्ट्र हित और समाज हित को सर्वोपरि रखने की बात कही गई। शासन द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार छात्रों को देय शिष्यवृत्ति की राशि मे से 15 प्रतिशत राशि से छात्रों को टी-शर्ट ,लोवर और जूता मुख्य अतिथि के करकमलों से बांटा गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से निशा केवल रमानी आरएमए, उषा साहू, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, शिवानी जैन एमएलटी, गापिका मण्डावी ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, लक्ष्मी रावटे वार्ड आया, प्रमिला नेताम मितानीन, आदि को छात्रावास के छात्रों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के अपने दायित्व के उत्कृष्ट निर्वहन के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। दिनरात छात्रों की सेवा में लगे हुए छात्रावास के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मुलेश्वर साहू, सुनील यादव, नरेंद्र कावड़े, ईश्वर मण्डावी को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में स्वतंत्रता दिवस के दिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम में सराहनीय प्रदर्शन करने वाले छात्रों को भी अतिथियों के करकमलों से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में जनपद सदस्य इंद्रोतीन भोयर, नवली मीना मण्डावी, ग्राम पटेल गोविंद नायक, शाला विकास समिति के अध्यक्ष इंदल राम नेताम तथा प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सुरेश नेताम, ग्राम कोटतरा के वरिष्ठ जन तथा पालकगण भी उपस्थित रहे।

## कन्या शाला में द्वितीय पालक शिक्षक सम्मेलन का आयोजन



**सरोना।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अभनपुर में द्वितीय पालक-शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के पदाधिकारी और अनेक पालक उपस्थित रहे। इस सम्मेलन का उद्देश्य बच्चों के शैक्षणिक विकास और उनकी समस्याओं पर चर्चा करना था। सम्मेलन में विभिन्न गतिविधियों के सफल क्रियान्वयन के लिए उच्च अधिकारियों के दिशा-निर्देशों का पालन करने पर जोर दिया गया। विशेष रूप से बच्चों के अपार आईडी से संबंधित दस्तावेजों के समायोजन और पालकों की सहमति पर विस्तृत चर्चा की गई। कक्षा नवमी की छात्राओं के लिए नेशनल सर्वे नास परख परीक्षा के संबंध में भी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। इसके साथ ही कक्षा दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए रणनीतियों और पाठ्यक्रम की इकाइयों की पूर्णता पर भी बात की गई। कमतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों के लिए उपचारात्मक शिक्षण की व्यवस्था के माध्यम से शैक्षणिक स्तर में सुधार लाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। सम्मेलन में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष टीकेश्वर सिन्हा, ग्राम पंचायत अभनपुर के सरपंच भाऊ राम भास्कर और विद्यालय के प्राचार्य आरपी नेताम सहित अनेक शिक्षाविदों ने अपने विचार व्यक्त किए। सम्मेलन में उपस्थित पालकों ने बच्चों के शैक्षणिक उत्थान के लिए अपने सुझाव दिए और विद्यालय की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का आश्वासन दिया। इस अवसर पर शिक्षा विद जीएस नेताम, शंभू राम नेताम, भगवान सिंह नेताम, आनंद राम नेताम, राजकुमार यादव, धनसिंह नेताम, उत्तम कुमार चक्रधर, राजेंद्र कोडोपी, राजू यादव, संतोष कोर्राम, ब्रह्म नेताम, रामप्रसाद सोरी, सोनसिंह नेताम, हरिराम नेताम, कंटेश्वरी नेताम, जयंती मरकाम, भारती नेताम, रामेश्वरी नेताम, गंगा बाई नेताम, राजबाई नेताम, रतिराम नेताम, कपूर चंद कुंजाम, बिसनाथ नेताम, फूलचंद नाग सहित विद्यालय की शिक्षक शिक्षिकाएं छात्र-छात्राएं एवं पालक गण भारी संख्या में उपस्थित रहे। इस सम्मेलन ने शिक्षा के प्रति पालकों की जागरूकता को बढ़ाने और बच्चों के बेहतर भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाने का काम किया।

## सेलेगांव के पालक-बालक सम्मेलन में शिक्षा की गुणवत्ता पर की परिचर्चा



**भानुप्रतापपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेलेगाँव पालक बालक शिक्षक सम्मेलन में शिक्षा में गुणवत्ता लाने हेतु विद्यार्थियों की शत प्रतिशत उपस्थिति, कॉम्टिटिव एग्जाम की तैयारी एवम् उसमें शामिल करने कोचिंग, निम्न अधिगम स्तर के बच्चों को उच्च स्तर तक लाने के लिए उपचारात्मक शिक्षण की व्यवस्था संबंधी चर्चा की गई।

मेगा पालक बालक शिक्षक सम्मेलन में 85 पालक गणों की उपस्थिति रही। बच्चों के साथ कक्षा में बैठकर शैक्षिक गुणवत्ता को परखा गया। आटोमेटेड एकेडमिक अकाउंट के संबंध में चर्चा कर 152 बच्चों के लिए सहमति पत्र भरवाया गया। त्रैमासिक परीक्षा की समीक्षा करते हुए अर्धवार्षिक परीक्षा में बेहतर परिणाम की अपेक्षा की गई।

इस अवसर पर सरपंच प्रदीप ठाकुर, उपसरपंच बोधन राम साहू, एस एम डी सी अध्यक्ष कृष्ण कुमार शुक्ला, गणमान्य नागरिक बंशीलाल साहू, रामा साहू, फागू राम साहू, उदय राम जैन, श्रीमती सुराजोतिन देहारी, प्राचार्य गौतम राम नायक, व्याख्याता बरसन राम साहू,श्रीमती सुमन ठाकुर, प्रमिला कोरेटी, महेश कुमार साहू, खेमलाल कटेंद्र, पुकेश्वर साहू, रैनसिंह दर्रो, पीयुषा बंजारे, गायत्री भुआर्य, जागृति ध्रुव, द्वारू राम ध्रुव, द्वारिका निषाद, रूखमणी सिन्हा, मधु वर्मा, लीना दुग्गा, किशोर साहू, विजेंद्र बंजारे एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक गण की उपस्थिति रही।

## पटौद में मेगा पालक शिक्षक सम्मेलन का हुआ आयोजन



**कांकेर।** सेजेस पटौद में मेगा पालक शिक्षक सम्मेलन का आयोजन शाला शिक्षा समिति के अध्यक्ष रामचरण कोर्राम की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। सम्मेलन में तिमाही परीक्षा परिणाम, अपार आईडी, अनुशासन, बच्चो की उपस्तिथि आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा किया गया। पालकगण बच्चो के शिक्षक एवं विषय शिक्षक से मुलाकात कर अपने बच्चो की शैक्षणिक गतिविधियों पर चर्चा कर बच्चो की समस्याओं को साझा किया। मेगा पालक शिक्षक सम्मेलन में तिमाही परीक्षा में कक्षा 12 वीं में उर्वशी साहू विज्ञान संकाय 88.6 प्रतिशत प्रथम, योगराज साहू वाणिज्य संकाय 84 प्रतिशत द्वितीय, डोमेंद्र साहू 81.4 प्रतिशत विज्ञान संकाय तृतीय स्थान पर एवं कक्षा 10वीं में सुष्मिता निषाद 83.3 प्रतिशत प्रथम, लेमस नेताम 81 प्रतिशत द्वितीय स्थान, महानंद मरकाम 79.3 प्रतिशत तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मेगा पालक शिक्षक सम्मेलन में दो सौ से अधिक पालक उपस्थित रहे, जिसमे महिला पालकों की संख्या अधिक रही। जिला स्तर से प्रकाश सेन सहायक संचालक, दिनेश नाग एपीसी समग्र शिक्षा एवं मोहन प्रजापति प्रोग्रामर समग्र शिक्षा के साथ पालकों की उपस्तिथि देख अति प्रशन्न हुए। प्रकाश सेन के द्वारा अपार आईडी के सम्बन्ध में पालकों को जानकारी दिया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्राचार्य डीएस निषाद ने समस्त स्टाफ को बधाई व शुभकामनाए दिया।

## पैराडाइज स्कूल में शिक्षक- पालक व बालक सम्मेलन हुआ आयोजन



**कांकेर।** पैराडाइज सीबीएसई हायर सेकेण्डरी स्कूल में 05 अक्टूबर को शिक्षक, पालक बालक सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमे कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक के पालक अपने बच्चों के साथ उपस्थित होकर अपने मिडटर्म के प्रोग्रेस रिपोर्ट एवं विभिन्न भाषायी कौशल एवं गणित, विज्ञान तथा व्यक्तित्व विकास के विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा किया। विषय शिक्षक से उनके विषय के बारे मे छात्रों की प्रगति की चर्चा की गई। शारीरिक शिक्षा, नैतिक शिक्षा, साथ-साथ संगीत, नृत्य एवं कला मे उनकी रूचि की भी चर्चा की गई।

स्कूल के प्रत्येक छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है, जिसके लिए स्कूल के बच्चों को पाठ्यक्रम के विभिन्न विषय के साथ-साथ योग ध्यान, विभिन्न आउटडोर, इनडोर गेम्स, मार्शल आर्ट, क्लासिकल एवं वेस्टर्न गीत संगीत एवं नृत्य, आर्ट एण्ड क्राफ्ट, बाल नैतिक शिक्षा एवं यूथ इम्पावरमेन्ट कक्षाओं का आयोजन प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा किया जाता है। प्रत्येक बच्चों का सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास हो और समाज के लिए अति महत्वपूर्ण मानव संसाधन बनकर अपने देश एवं मानव समाज की सेवा कर सकें। इस शिक्षक पालक बालक सम्मेलन मे सभी छात्र-छात्राओं को प्रगति की चर्चा की ताकि कम अच्छे बच्चों के एक्स्ट्रा अटेंशन, रेमिडियल क्लास एवं उनका काउंसलिंग कर उन छात्र-छात्राओं के लिए रेमिडियल कक्षाओं का आयोजन किया जा सके ताकि सभी बच्चों को सम्पूर्ण पाठ्यक्रम को गहनता के साथ अध्ययन अध्यापन करा कर अच्छे परिणाम के साथ-साथ छात्र-छात्राओं की सुदृढ़ व्यक्तित्व निर्माण को भी प्राथमिकता दिया जा सकें। पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल द्वारा आयोजित शिक्षक पालक बालक सम्मेलन में सभी पालक संतुष्ट रहें।

वे अपने बच्चों की अच्छी प्रगति से बहुत ही प्रसन्न एवं गौरवान्वित हुए। पैराडाइज स्कूल मे बच्चों के शिक्षण एवं प्रशिक्षण कार्य को अति उत्तम स्तर पर ले जाने में प्राचार्य रश्मि रजक, उप प्राचार्य हरिन्द्र गोलुगुरी, एडमिनिस्ट्रेटर हमीद खान, वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा आदि शिक्षकों का योगदान रहा।

## कंडेल को पृथक पंचायत बनाने पर ग्रामसभा में बनी सहमति



**चारामा।** विकासखण्ड चारामा के ग्राम कंडेल में गांधी जयंती के अवसर पर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी भी उपस्थित रहे। सभा का संचालन ग्राम के सरपंच द्वारा किया गया, जहां ग्राम के विभिन्न प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की गई और उनके समाधान के लिए योजनाएं तैयार की गईं। ग्राम सभा के आयोजन में कंडेल में जो कि वर्तमान में पंचायत आवरी के अंतर्गत आता है के सभी नागरिकों ने सर्वसम्मति से गांव को अलग पंचायत बनाने की मांग किया। ग्रामवासियों ने इस पर सहमति जताते हुए इसे पंचायत के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इसके अलावा ग्राम सभा में यह भी निर्णय लिया गया कि ग्राम की घास भूमि को आबादी भूमि घोषित किया गया। इससे जरूरतमंद ग्रामीणों को घर निर्माण के लिए भूमि आवंटित की जा सकेगी, जिससे उनकी आवास संबंधी समस्याओं का समाधान होगा। ग्राम कंडेल के प्रमुख मार्ग जो बरसात के दिनों में काफी दुर्गम हो जाता है, इसे सीसी रोड बनाने की भी सहमति दी गई। यह निर्णय ग्रामीणों के लिए सुगम आवागमन सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत, स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया और सभी ग्रामवासियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। सभा में उपस्थित गणमान्य लोगों में वर्तमान सरपंच मनाय गावड़े, पूर्व सरपंच लक्ष्मीकांत गावड़े और ग्राम के पटेल रुपेश सिन्हा, ग्राम कोटवार, दयाराम सिन्हा, विष्णु यादव, भानुराम गावड़े, मिलाऊ निषाद, लालजी याढव, झुमुक साहू, अशोक निषाद, जयप्रकाश गवाड़े, विनोद रजक, श्रवण साहू सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## शराबी पति के खिलाफ पत्नी ने थाना में की शिकायत



**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत आसूलखार में पति ने पत्नी के साथ जमकर मारपीट किया। पत्नी ने पुलिस को बताया कि उसके पति शराब पिकर घर आते है और पैसा मांगते है। नही देने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दते है, जिसके कारण मानसिक रूप से परेशान रहती हूं। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थाना में शिकायत पहुंची बाजारपारा आसूलखार निवासी 32 वर्षीय आशिया बेगम पति अब्बू रजा ने पुलिस को बताया कि गृहणी का काम करती हूं और 4 अक्टूबर को मै अपने घर पर थी। मेरे पति अब्बू रजा ग्राम पोड़गांव में मोटर सायकल रिपेरिंग का दुकान चलाते है। मेरे पति अब्बू रजा ग्राम किनारी की यामिनी टांडिया के साथ दोपहर करीबन 4 बजे घर आए उस समय मै घर के बाहर खड़ी थी। मेरे पति शराब के नशे में थे और मुझे शराब पीने के लिए पैसा दे बोले तो मेरे द्वारा मना करने पर तुम मुझे शराब पीने के लिए पैसा क्यो नहीं देती है बोलते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। मेरे पति तथा किनारी निवासी यामिनी टांडिया दोनो मिलकर हाथ मुक्का से मारपीट किए है, जिससे मेरे बांए एवं दाहिने पैर के घुटना के पास चोट आई है। पति द्वारा बार बार शराब के नशे में आकर मारपीट करते है, जिससे मे काफी परेशान रहती हूं। प्रार्थियां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## त्रैमासिक परीक्षा की टॉपरों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



सरस्वती शिशु विद्यालय भानुप्रतापपुर में त्रैमासिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसकी शुभारम्भ के अतिथि सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि शंभू कुमारब्रांच मैनेजर, बैंक ऑफ बड़ौदा, भानुप्रतापपुर शंभु कुमार, अध्यक्षता सब स्टाफ, बैंक ऑफ बड़ौदा भानुप्रतापपुर मनोज सिन्हा विशेष अतिथि प्राचार्य थानूराम सिन्हा थे। मुख्य अतिथि श्री शंभू कुमार ने परीक्षा के बारे में और पढ़ाई से संबंधित जानकारियां दिए। वे पढ़ाई के प्रति आगे बढ़ने के लिए अभी निचले कक्षा सातवी, आठवी, से ही मन में एक सोच और लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करनी चाहिए। शिक्षकों का सपोर्ट हमेशा लेते रहना चाहिए और ज्यादा से ज्यादा स्वयं डिपेंड रहना चाहिए। विद्यालय में पढ़ाए गए विषय को घर में पुनः अभ्यास कर उत्तर लिखने का अभ्यास करना चाहिए। जो स्थान नहीं बना पाए है वे भी एक मुकाम हासिल करने का लक्ष्य रखकर पढ़ाई निरंतर करे। द्वितीय श्रेणी में पास होने वाले अपने दृढ़ संकल्प और लक्ष्य से बड़ा अधिकारी बन सकता है।मुख्य अतिथि ने प्रार्थना के समय अपने बचपना को याद कर रहे थे जो सरस्वती शिशु मंदिर में बिताए हैं क्योंकि प्रारंभिक शिक्षा झारखंड के सरस्वती शिशु मंदिर से ही प्राप्त किए हैं। पढ़ाई का माध्यम कैसा भी हो लेकिन बेसिक ज्ञान बहुत ज्यादा आवश्यक है। क्योंकि विद्यालय में पढ़ाई करने के बाद उसको घर में भी अभ्यास के तौर पर रिवीजन करनी होती है। तभी अच्छा परिणाम ला सकते है। किसी भी विषय को याद करने के बाद उसको लिखकर अभ्यास करने से ही परिणाम में इजाफा हो सकती है। इस प्रकार से हमेशा अपने शिक्षकों से सतत मार्गदर्शन लेते रहना चाहिए। सरस्वती शिशु मंदिर हमेशा संस्कार की झलक को दर्शाता है। ओ झलक हमेशा दिखाई देता है। क्योंकि शिक्षा के साथ साथ संस्कार का मुख्य केंद्र है सरस्वती शिशु मंदिर। त्रैमासिक परीक्षा परिणाम में कक्षा अरुण से प्रथम बहिन पल्लवी साहू, द्वितीय प्रणव कुंजाम, तृतीय आदित्य पुजारी और नित्या शोरी, कक्षा उदय से प्रथम निहारिका गावड़े, द्वितीय आराध्या यादव, तृतीय राधवी, कक्षा प्रथम से प्रथम अनमोल पाल, द्वितीय आकृति साहू और श्रेयांशनाथ दास, तृतीय आरुष पाल, कक्षा द्वितीय से प्रथम प्रीति साहू, द्वितीय हीना चौरका, तृतीय भावना कोर्राम, कक्षा तृतीय से प्रथम तुषार साहू, द्वितीय रिचा सिन्हा, तृतीय खुशबू राणा और तान्या चूरपाल, कक्षा चतुर्थ से प्रथम बहिन ट्विंकल वागमारे, द्वितीय युक्ति पटेल, तृतीय खुशबू वर्मा, कक्षा पंचम से प्रथम डेनिश मरकाम, द्वितीय कुणाल साहू, तृतीय पूनम रावते, कक्षा षष्ठ से प्रथम बहिन सारिका शर्मा, द्वितीय भूमि श्रीवास, तृतीय भैया चिराग शांडिल्य, कक्षा सप्तम से प्रथम भैया हरीश यादव, द्वितीय दीपक दुग्गा, तृतीय सुरेंद्र कुंजाम, कक्षा अष्टम से प्रथम विद्या चक्रवर्ती, द्वितीय कुलदीप पटेल, तृतीय माधवी सिन्हा, कक्षा नवम से प्रथम कल्पना यदु, द्वितीय मोनाली देवी, तृतीय हर्षिता भुआर्य, कक्षा दशम से प्रथम भैरवी द्विवेदी, द्वितीय पूरब यादव, तृतीय ऐश्वर्य साहू, कक्षा एकादश से प्रथम ओम यदु, द्वितीय वंदना शिंदे, तृतीय ईशा सिन्हा, कक्षा द्वादश से प्रथम खिलपुष्पा साहू, द्वितीय गिरिवर शर्मा, तृतीय दिशिता साहू ने स्थान बनाए। संस्था प्रमुख थानूराम सिन्हा ने समय में परीक्षा परिणाम देने के लिए परीक्षा विभाग एवं सभी आचार्यों का प्रशंसा किया तथा सभी आए हुए अतिथिओं का आभार व्यक्त किए।

## सांप घर में घुसा, अंडे खाए व मुर्गी को बनाया शिकार



**चारामा।** विकासखण्ड चारामा के ग्राम कंडेल में एक हैरान कर देने वाली घटना घटी जब आंगनबाड़ी सहायिका के घर में रात के समय एक सांप घुस आया। आधी रात में सांप घर के अंदर प्रवेश कर गया और जिस कमरे में वह था, जहां सहायिका के पति सो रहे थे। सांप ने घर में पाले गए मुर्गी को शिकार बना लिया और उसके अंडों को भी खा गया। सुबह जब घर वालों की आंख खुली तो उन्होंने बिस्तर के नीचे सांप को देखकर दंग रह गए। सांप को देखकर घर में अफरा-तफरी मच गई और गांव के लोग भी इसे देखने के लिए इकट्ठा हो गए। घर के पास स्थित तालाब को देखते हुए ग्रामीणों का मानना है कि सांप वहीं से आया होगा। ग्रामीणों ने तुरंत एक सपेरे को बुलाया, जिसने सांप को सुरक्षित तरीके से पकड़ लिया। इस घटना से ग्रामीणों में दहशत फैल गई है और सभी ने सतर्क रहने की बात कही है, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज




